भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

23 मई 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा आम चुनाव 2019 में पार्टी की भव्य एवं ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में केंद्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता धन्यवाद समारोह में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

2019 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय देश की जनता, बूथ से लेकर हर स्तर पर काम करने वाले कर्तव्यनिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, मोदी सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अपार लोकप्रियता की विजय है

****

देश में 50 वर्षों बाद पहली बार ऐसा अवसर आया है जब पूर्ण बहुमत से शासन करने वाले किसी प्रधानमंत्री ने पुनः उससे भी अधिक बहुमत प्राप्त कर प्रधानमंत्री के रूप में वापस प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया हो. मैं इसके लिए देश की 130 करोड़ जनता का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ

****

जहां एक ओर देश के लगभग 17 प्रांतों में भाजपा को 50% से अधिक वोट मिले हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को देश के 17 राज्यों में 'बिग जीरो' मिला है और कई राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो गया है

****

50 वर्षों से कांग्रेस और महामिलावटी विपक्ष परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टीकरण के वोटबैंक के सहारे राजनीति करते रहा लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रचंड लोकप्रियता और पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम ने लोकतंत्र की इन कुरीतियों का हमेशा के लिए खत्म कर दिया है

****

यह विजय दर्शाता है कि देश में परिवारवादी, जातिवादी और तुष्टीकरण की राजनीती करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है और जनता ऐसे गठबंधनों को स्वीकार नहीं करने वाली

****

विपक्ष की करारी हार और भाजपा की प्रचंड विजय 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' की विचारधारा के खिलाफ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की 'सबका साथ, सबका विकास' की जीत की प्रतीक है. यह विजय देश को तोड़ने वाली नकारात्मक विचारधारा के खिलाफ राष्ट्रवाद की विजय की प्रतीक है

****

मोदी सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति के सामने विपक्ष 'मोदी हटाओ' का नकारात्मक एजेंडा लेकर देश को बदनाम करने की राजनीति करती रहा और 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के समर्थन में प्रपंच करता रहा लेकिन भाजपा की यह भव्य विजय विपक्ष की इन नकारात्मक नीतियों का करारा जवाब है

****

एग्जिट पोल पर पूरी दिल्ली को सिर पर उठा लेने वाली नकारात्मक राजनीति की परिचायक 21 विपक्षी पार्टियों, खासकर श्री चंद्रबाबू नायडू को सलाह देना चाहता हूँ कि यदि आपने इतना परिश्रम जनता की सेवा के लिए किया होता तो शायद आपको ये दिन नहीं देखने पड़ते

****

मैं विधान सभा चुनावों में जीत दर्ज करने वाले श्री जगन रेड्डी (आंध्र प्रदेश - YSRCP Congress), श्री नवीन पटनायक (ओड़िशा - बीजद), श्री पवन चामलिंग (सिक्किम - सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट) को भारतीय जनता पार्टी की ओर से हार्दिक बधाई देता हूँ

****

अरुणाचल प्रदेश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है. मैं अरुणाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू जी को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनका अभिनंदन करता हूँ

****

पश्चिम बंगाल में पार्टी कार्यकर्ताओं पर इतने अत्याचार और ज़ुर्म के बाद भी 18 सीटों और पांच विधान-सभा सीटों के उप-चुनावों में चार सीटों पर पर भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री प्राप्त हुई है. ये बताता है कि पश्चिम बंगाल में आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी अपना वर्चस्व स्थापित करने वाली है

****

पश्चिम बंगाल में हाल के वर्षों में हमारे लगभग 80 कार्यकर्ताओं ने पार्टी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, मैं अपने सभी शहीद 80 कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से शत-शत नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ. मैं केरल और कर्नाटक में भी शहीद हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का पुण्य स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूँ

****

राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 65 में से 62 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की विजय हुई है, इसके लिए इन तीनों राज्य के पार्टी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयामों को छुआ है और देश की जनता ने भी इसके आधार पर दिल खोल कर अपना आशीर्वाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी को दिया है

****

मैं गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे अपना आशीर्वाद देते हुए अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना है और लोकतंत्र के मंदिर संसद में प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है

****

मैं प्रधानमंत्री जी से अपील करना चाहता हूँ कि आपने जिस तरह से विगत पांच वर्षों में 'न्यू इंडिया' के विजन के साथ देश का नेतृत्व किया है, इसी तरह आगे बढ़ कर आप देश का नेतृत्व करें और नए भारत की जो नींव आपने रखी है, इस पर आप मजबूत इमारत का निर्माण करें

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 में जब देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगाँठ मना रहा होगा, तब देश के लिए 75 संकल्पों को पूरा करने का लक्ष्य रखा है, उसे हम सब मिलकर पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित हों, यही मेरी कामना है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज आम चुनाव 2019 में पार्टी की भव्य एवं ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता धन्यवाद समारोह को संबोधित किया और देश की सवा सौ करोड़ जनता का धन्यवाद किया.

श्री शाह ने कहा कि **2019 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय देश की जनता, बूथ से लेकर हर स्तर पर काम करने वाले कर्तव्यनिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, मोदी सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अपार लोकप्रियता की विजय है.** उन्होंने आगे कहा कि विगत पांच वर्षों में मोदी सरकार ने देश के लगभग 28 करोड़ गरीब परिवारों के जीवन स्तर को उठाने के लिए आजादी के बाद पहली बार सार्थक कदम उठाये, उनका आशीर्वाद हमारी विजय का संबल बना. साथ ही, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अहर्निश परिश्रम और तूफानी दौरों ने भी हमारी भव्य विजय को सुनिश्चित किया.

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कई मायनों में आम चुनाव 2019 का परिणाम और भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व जीत ऐतिहासिक रहे हैं. उन्होंने कहा कि **देश में 50 वर्षों बाद पहली बार ऐसा अवसर आया है जब पूर्ण बहुमत से शासन करने वाले किसी प्रधानमंत्री ने पुनः उससे भी अधिक बहुमत प्राप्त कर प्रधानमंत्री के रूप में वापस प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया हो** और हमारे लिए यह गर्व की बात है कि यह सम्मान हमारे और जन-जन के लोकप्रिय नेता श्री नरेन्द्र मोदी को मिला है.

श्री शाह ने कार्यकर्ताओं के उमड़े सैलाब को याद दिलाते हुए कहा कि जब नई दिल्ली के रामलीला मैदान में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद् की बैठक हो रही थी और महागठबंधन पर चर्चा चल रही थी तो मैंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा था कि भाजपा कार्यकर्ता 50% वोट की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हो जाएँ और **यह हमारे लिए गौरव की बात है कि देश के लगभग 17 प्रांतों में जनता ने भाजपा को 50% से अधिक वोट दिया है. अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश आदि प्रदेशों में भाजपा एवं**

सहयोगियों को 50% से अधिक मत प्राप्त हुए हैं. उन्होंने कहा कि **एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत हुई है जबकि दूसरी ओर कांग्रेस को करारी हार का मुंह देखना पड़ा है. इतना ही नहीं, देश के 17 राज्यों में कांग्रेस को 'बिग जीरो' मिला है और उसका इन प्रदेशों में खाता तक नहीं खुल पाया है.** आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मिजोरम, ओड़िशा, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, अंडमान एवं निकोबार, दमन एवं दीव, दादर और नगर हवेली, चंडीगढ़ दिल्ली, लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश, गुजरात और हरियाणा से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है.

विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर प्रहार जारी रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **50 वर्षों से कांग्रेस और महामिलावटी विपक्ष परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टीकरण के वोटबैंक के सहारे राजनीति करते रहे लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रचंड लोकप्रियता और पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम ने लोकतंत्र की इन कुरीतियों का हमेशा के लिए खत्म कर दिया है.** यह भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोकतंत्र की बड़ी सेवा है. उन्होंने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा इकठ्ठा आये थे तब देश की तमाम मीडिया भाजपा को इससे नुकसान पहुँचने की बात कर रही थी जबकि हमने सपा-बसपा के गठबंधन को भी भारी शिकस्त देते हुए लगभग 60 सीटें प्राप्त की. य**ह विजय दर्शाता है कि देश में परिवारवादी, जातिवादी और तुष्टीकरण की राजनीती करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है और जनता ऐसे गठबंधनों को स्वीकार नहीं करने वाली.**

श्री शाह ने कहा कि दो दिन पहले जब एग्जिट पोल के रुझान आये थे तब जनता द्वारा ख़ारिज कर दिए गए कुछ राजनीतिक दलों एवं तथाकथित विश्लेषकों को यह हजम नहीं हुआ था और 21 विपक्षी पार्टियों ने पूरा दिल्ली ही सिर पर उठा लिया था. वे एग्जिट पोल को गलत बताते हुए ईवीएम पर जनता को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास करने लगे लेकिन देश की जनता ने इन सभी विपक्षी पार्टियों को आईना दिखाते हुए एग्जिट पोल के अनुमानों से भी अधिक समर्थन देकर भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजयश्री दिलाई. **मैं इन 21 विपक्षी पार्टियों को खासकर श्री चंद्रबाबू नायडू को सलाह देना चाहता हूँ कि यदि आपने इतना परिश्रम जनता की सेवा के लिए किया होता तो शायद आपको ये दिन नहीं देखने पड़ते.**

भाजपा अध्यक्ष ने विधान सभा चुनावों में जीत दर्ज करने वाले श्री जगन रेड्डी (आंध्र प्रदेश - YSRCP Congress), श्री नवीन पटनायक (ओड़िशा - बीजद), श्री पवन चामलिंग (सिक्किम - सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट) को भारतीय जनता पार्टी की ओर से हार्दिक बधाई दी. उन्होंने कहा कि **अरुणाचल प्रदेश में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है. मैं अरुणाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू जी को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनका अभिनंदन करता हूँ.** उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त गोवा में विधान सभा की चार सीटों पर उप-चुनाव भी हुए थे जिसमें से तीन सीटों पर भाजपा को विजय प्राप्त हुई है.

पश्चिम बंगाल में भाजपा की भव्य विजय की चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में पार्टी कार्यकर्ताओं पर इतने अत्याचार और जुर्म के बाद भी 18 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री प्राप्त हुई है. इतना ही नहीं, विधान सभा की पांच सीटों पर हुए उप-चुनाव में भाजपा को चार सीट पर विजय हासिल हुई है. ये बताता है कि पश्चिम बंगाल में आने वाले दिनों में**

भारतीय जनता पार्टी अपना वर्चस्व स्थापित करने वाली है. उन्होंने कहा कि **पश्चिम बंगाल में हाल के वर्षों में हमारे लगभग 80 कार्यकर्ताओं ने पार्टी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, मैं अपने सभी शहीद 80 कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से शत-शत नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ.** उन्होंने केरल और कर्नाटक में भी शहीद हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का पुण्य स्मरण किया. उन्होंने देश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि बिना आपके परिश्रम के यह भव्य विजय संभव नहीं थी.

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **विपक्ष की करारी हार और भाजपा की प्रचंड विजय 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' की विचारधारा के खिलाफ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की 'सबका साथ, सबका विकास' की जीत की प्रतीक है. यह विजय देश को तोड़ने वाली नकारात्मक विचारधारा के खिलाफ राष्ट्रवाद की विजय का प्रतीक है.**

श्री शाह ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की भव्य विजय पर चर्चा करते हुए कहा कि **राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ चुनाव के बाद आयोजित कार्यकारिणी में मैंने कार्यकर्ताओं से कहा था कि इन राज्यों में कांग्रेस जीती जरूर है लेकिन भाजपा हारी नहीं है. इन तीन राज्यों में 65 में से 62 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की विजय हुई है, इसके लिए इन तीनों राज्य के पार्टी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं.**

भाजपा अध्यक्ष ने मोदी सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि **प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयामों को छुआ है और देश की जनता ने भी इसके आधार पर दिल खोल कर अपना आशीर्वाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी को दिया है.** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति के सामने विपक्ष 'मोदी हटाओ' का नकारात्मक एजेंडा लेकर देश को बदनाम करने की राजनीति करती रही और 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के समर्थन में प्रपंच करती रही लेकिन भाजपा की यह भव्य विजय विपक्ष की इन नकारात्मक नीतियों का करारा जवाब है.**

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी ने देश के मान-सम्मान को तो बढ़ाया ही है, साथ ही भाजपा के जनादेश को भी बढ़ाया है. उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री जी ने 5 साल में देश के गौरव को बढ़ाने का काम किया है जिसका इंतजार देश की जनता 70 साल से राह देख रही थी.** मोदी सरकार ने देश के कोने-कोने में सुविधाओं को पहुंचाने का काम किया है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मोदी सरकार का अगला पांच वर्ष का कार्यकाल भारतीय जनता पार्टी के विस्तार का कार्यकाल बनने वाला है. उन्होंने गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं को भी हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि **मैं गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे अपना आशीर्वाद देते हुए अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना है और लोकतंत्र के मंदिर संसद में प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है**.

अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **मैं प्रधानमंत्री जी से अपील करना चाहता हूँ कि आपने जिस तरह से विगत पांच वर्षों में 'न्यू इंडिया' के विजन के साथ देश का नेतृत्व किया है, इसी तरह आगे बढ़ कर आप देश का नेतृत्व करें और नए भारत की जो नींव**

आपने रखी है, इस पर आप मजबूत इमारत का निर्माण करें. उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 में जब देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगाँठ मना रहा होगा, तब देश के लिए 75 संकल्पों को पूरा करने का लक्ष्य रखा है, उसे हम सब मिलकर पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित हों, यही मेरी कामना है.**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव